Title: Need to look into the working of Enron Company engaged in oil exploration at Bombay High with ONGC and Reliance Company.

श्री बृज भूण शरण सिंह (गोण्डा) : सभापति महोद्य, बाम्बे हाई में तेल निकालने के काम में लगी अमेरिकन एन्शन कम्पनी, जिसका ओ.एन.जी.सी. व रिलायंस कम्पनी के साथ जांइट वैंचर है, का लेखा जांच वर् 1998-99 में डायरेक्टर जनरल हाइड्रो कार्बन, आंतरिक लेखा विभाग पेट्रोलियम मंत्रालय आदि-आदि ने संयुक्त रूप से की थी। जांच का परिणाम प्रश्नवाचक रहा, तभी उक्त जांच कार्य का जिम्मा मैसर्स के.पी.एम.जी. को दे दिया गया। मैं सदन के माध्यम से सरकार से जानना चाहता हूं कि जब आंतरिक लेखा इस कार्य के ल्ये सक्षम था तो प्राइवेट ऑडिट कम्पनी मैसर्स के.पी.एम.जी. को किस आधार पर उक्त कार्य दिया गया और उक्त प्राइवेट ऑडिट कम्पनी ने अपने दांच में कौन कौन सी आर्थिक अनियमितताओं को उजागर किया है।